कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय,नागदा. जिला उज्जैन (म.प्र.)

E-mail : gc238238@yahoo.com

क्रमांक /544/ ज.भा.स. / 2023 नागदा, दिनांक 05/10/2023

:- केन्टीन संचालन निविदा विज्ञप्ति :-

महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु परिसर में केन्टीन संचालन हेतु एतद द्वारा निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय एवं अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र का विक्रय कार्यालय द्वारा निविदा प्रकाशित तिथि से 05 दिवस तक कार्यालयीन समय में किया जावेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपयें 100/- (एक सौ रूपये मात्र) कार्यालय में राशि जमा कर निविदा प्राप्त कर सकते है।
2. केन्टीन संचालन का अनुबंध एक शैक्षणिक सत्र (30 जून) तक सीमित रहेगा। कार्य संतोषजनक होने पर इसे आगे एक शैक्षणिक सत्र के लिए बढ़ाया जा सकता है।
3. सीलबंद निविदा कार्यालय में जमा करने की अंतिम दिनांक 14/10/2023 सांय 5 बजे तक रहेगी। अंतिम दिनांक पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नही की जावेगी।
4. केन्टीन संचालन की शर्तो का अवलोकन निविदाकर्ता कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में कर सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ भी उपलब्ध रहेगी।
5. महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को केन्टीन की सुविधा के साथ साथ एम.पी.ऑन लाईन, फोटो कॉपी, फोटो व ऑनलाईन से संबधित समस्त कार्यो की सुविधा देने वाले निविदाकर्ता को प्राथमिकता दी जावेगी।
6. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय के नाम देय हो निविदा के साथ संलग्न करने पर ही निविदा को स्पर्धा में सम्मिलित मान्य किया जावेगा। धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नही होने पर निविदा पर विचार नही किया जायेगा। स्वीकृत निविदा को छोड़कर शेष निविदाकर्ताओं की अमानत राशि वापस कर दी जावेगी।
7. केन्टीन का मासिक किराया 2000/- प्रतिमाह दो हजार से अधिक देने वाले निविदाकर्ता की निविदा मान्य की जावेगी।
8. किसी भी निविदा को पूर्णतः/अंशतः स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्राचार्य को होगा। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
9. केन्टीन में क्रय की जाने वाली खाद्य सामग्री की मात्रा गुणवत्ता व मूल्य तथा फोटो कॉपी एमपी ऑनलाईन सुविधा का निर्धारित बाजार मूल्य लिया जावेगा।

प्राचार्य एवं सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय,नागदा